<u>समाचार</u>

निगम के भूखण्डों का व्ययन

10 एवं 11 नवम्बर को ली जाएंगी निविदाएं, उसी दिन खोली जाएगी

कोरबा 09 नवम्बर 2020 —नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा रिक्त भूखण्डों के व्ययन हेतु पूर्व में जारी निविदा आमंत्रण सूचना के तहत 10 एवं 11 नवम्बर को 03 बजे तक बंद लिफाफे में निविदाएं टेण्डर बाक्स में डलवाई जाएंगी तथा उसी दिन सायं 04 बजे उक्त निविदाएं सभी हितग्राहियों के समक्ष खोली जाएंगी। **पं.रविशंकर शुक्लनगर स्थित भूखण्डों के लिए यह कार्यवाही 10 नवम्बर को** एवं **सरदार पटेलनगर स्थित भूखण्डों के लिए यह कार्यवाही 11 नवम्बर को** सम्पन्न कराई जाएगी। उक्त सम्पूर्ण प्रक्रिया निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत परिसर में सम्पन्न होगी।

नगर निगम कोरबा के पं.रविशंकर शुक्ल नगर में स्थित 31 आवासीय भूखण्डों एवं 01 व्यवसायिक भूखण्ड के व्ययन के लिए पूर्व में निविदा आमंत्रण सूचना जारी की गई थी, इसी प्रकार सरदार वल्लभभाई पटेलनगर जमनीपाली में स्थित 17 आवासीय भूखण्डों के व्ययन के लिए भी निविदा सूचना जारी हुई थी। भूखण्ड प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्तियों से प्राप्त आवेदन के आधार पर उन्हें निविदा प्रपत्र प्रदान किए गए तथा 07 नवम्बर तक संबंधितों से इस हेतु अमानत राशि जमा कराई गई। पंरविशंकर शुक्लनगर में स्थित 31 आवासीय व 01 व्यवसायिक भूखण्ड के व्ययन के लिए 10 नवम्बर को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 03 बजे तक क्रमबार निविदाकारों से उनके निविदा प्रपत्र टेण्डर बाक्स में डलवाएं जाएंगे तथा उसी दिन शाम 04 बजे उक्त निविदाएं हितग्राहियों के समक्ष खोली जाएंगी। इसी प्रकार सरदार वल्लभभाईपटेल नगर जमनीपाली में स्थित 17 आवासीय भूखण्डों के लिए 11 नवम्बर को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 03 बजे तक क्रमबार निविदाकारों से उनके निविदा प्रपत्र टेण्डर बाक्स में लिए जाएंगे तथा उसी शाम 04 बजे उक्त निविदाएं हितग्राहियों के समक्ष खोली जाएंगी। इस हेतु निगम द्वारा अपने मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत भवन के पीछे स्थित परिसर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।